कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर जिला जबलपुर म0प्र0

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/N-341 जबलपुर दिनांक : 16/10/2024

संरचना भवन आवंटन विज्ञप्ति- निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण अनुसार कृषि उपज मण्डी जबलपुर के नवीन मटर/ सब्जी मंडी प्रांगण जबलपुर मे सैण्ड्री शॉप का आवंटन म0प्र0 कृषि उपज मंडी (मंडी समिति/बोर्ड की भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के तहत निर्धारित शर्तो के अधीन मासिक किराये पर एवं शर्तो के अधीन निर्धारित प्रीमियम की राशि हेतु प्रस्ताव (निविदा) देने वाले इच्छुक व्यापारियो एवं इच्छुक व्यक्तियो से दिनांक 06.11.2024 **को सायंकाल 5:00 बजे** तक सीलबंद निविदाये **केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट** से कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर मे आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाये दिनांक 07.11.2024 को कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर मे गठित समिति के समक्ष समय 02.00 बजे दोपहर मे खोली जावेगी। निर्धारित आवेदन (निविदा प्रपत्र) एवं शर्ते विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 30.10.2024 तक (अवकाश दिवस को छोडकर) कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर मे रूपये 2000/-(दो हजार रूपये) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.	संरचना/भवन का नाम एवं साईज	स्थल	न्यू निर्धारित प्रीमियम (आपसेट) कीमत प्रति नग	प्रस्ताव निविदा हेतु अग्रिम धन (धरोहर राशि) प्रति नग	कुल रिक्त संरचनाओ की संख्या	रिमार्क - आरक्षित संरचनाओ की संख्या एवं कमांक
1	2	3	4	5	6	7
1	नवीन मटर/ सब्जी मंडी प्रांगण जबलपुर में सैण्ड्री शाप (3.60X6.30 मीटर सह 2.30 मीटर बरामदा)	मंडी प्रांगण जबलपुर	1590000/-	159000.00	15 नग	02 नग (S-8 एवं S-15)

प्रमुख शर्तें: -

1. अग्रिम धन (धरोहर राशि) नगद या बैंक ड्राफट या बैंकर्स चैक के रूप मे सचिव, कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर के नाम जमा किया जा सकेगा। जिसके लिये भुगतानकर्ता को मंडी समिति की ओर से एक रसीद जारी की जावेगी।
2. बिना धरोहर राशि (अग्रिम राशि) जमा की गई निविदा मान्य नही होगी।
3. ओव्हर राईटिंग सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी। **निविदाये केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही जमा की जा सकेगी।**
4. उपरोक्त नियम एवं शर्ते विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से दिनांक 30.10.2024 तक मंडी समिति जबलपुर कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।
5. निविदा धरोहर (अग्रिम राशि) विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक 30.10.2024 तक जमा की जा सकेगी।
6. देय किराये पर शासन द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 पृथक से देय होगा।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर
जिला-जबलपुर म0प्र0

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर
जिला-जबलपुर म0प्र0

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/N-342 जबलपुर दिनांक : **16/10/2024**

प्रतिलिपि:-

1. संपादक पत्रिका जबलपुर समाचार पत्र/दैनिक भास्कर जबलपुर समाचार पत्र की ओर प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त निविदा विज्ञप्ति का न्यूनतम स्पेस कम से कम (साईज) मे 01 दिवस प्रकाशित कर समाचार पत्रो की 03 प्रतियो सहित देयक इस कार्यालय को अतिशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. चीफ प्रोग्रामर म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं मंडी बोर्ड की वेबसाईट पर सर्व संबंधितो को अवलोकनार्थ प्रेषित करने बाबत्।
3. कार्यालय नगरपालिक निगम जबलपुर/जिला पंचायत जबलपुर/कलेक्टर कार्यालय जबलपुर /तहसील कार्यालय जबलपुर/जनपद पंचायत कार्यालय जबलपुर/मंडी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पार्थ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर
जिला-जबलपुर